पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने जनपद गोरखपुर में 2,251 करोड़ रु0 की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

## मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को गीडा आवासीय योजना एवं औद्योगिक योजना के भूखण्डों के आवंटन पत्र वितरित किये

## एस0एल0एम0जी0 समूह के अमृत बॉटलिंग प्लाण्ट का भूमि पूजन, प्लास्टिक पार्क में टेक्नो प्लास्ट पैकेजिंग प्रा0लि0 का लोकार्पण किया

## राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश के युवाओं को उनके ही जनपद में रोजगार की गारण्टी मिल रही : मुख्यमंत्री

## प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार सभी को नये भारत का दर्शन कराकर विकसित भारत की ओर ले जा रही

## विकसित भारत का निर्माण तब होगा, जब उ0प्र0 विकसित बनेगा, उ0प्र0 तब विकसित होगा, जब गोरखपुर सहित राज्य के समस्त जनपद विकसित होंगे

## विकसित उत्तर प्रदेश@2047 अभियान के प्रथम चरण में 300 से अधिक बुद्धिजीवी प्रदेश के प्रत्येक जनपद में जाकर प्रत्येक ग्राम व संस्थान में कार्यक्रम करेंगे

## प्रदेश सरकार द्वारा गोरखपुर में गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण के माध्यम से विकास व रोजगार की सम्भावनाओं को आगे बढ़ाया जा रहा

## प्रदेश सरकार समर्पण की भावना के साथ जनता की सेवा कर रही, जिसके बेहतर परिणाम सामने आ रहे

## प्रदेश में पर्यावरण अनुकूल निवेश किये जा रहे, पर्यावरण की सुरक्षा और मानकों को ध्यान में रखकर गोरखपुर में सी0ई0टी0पी0 का निर्माण कराया जा रहा

## प्लास्टिक पार्क में 05 एकड़ क्षेत्रफल में केन्द्रीय पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान का स्किल डेवलपमेन्ट कार्यक्रम प्रारम्भ किया जा रहा

## गोरखपुर में स्किल डेवलपमेंट सेंटर तथा दिल्ली पब्लिक स्कूल बनने जा रहा, गीडा में इस्पात के दो बड़े उद्योग, गैलेन्ट इस्पात व जलान ग्रुप स्थापित हो चुके

## प्रदेश सरकार ने प्रत्येक जनपद में भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर 100 एकड़ में एक एम्प्लाइमेन्ट जोन बनाने का लक्ष्य तय किया

**लखनऊ : 04 सितम्बर, 2025**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश के युवाओं को उनके ही जनपद में रोजगार की गारण्टी मिल रही है। प्रदेश सरकार द्वारा गोरखपुर में गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के माध्यम से विकास व रोजगार की सम्भावनाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रदेश सरकार समर्पण की भावना

के साथ जनता की सेवा कर रही है। इसके बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। आज गीडा को 2,251 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं की सौगात मिली है। वर्ष 2017 से पूर्व गीडा एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश में निवेश एक सपना था, लेकिन आज गोरखपुर सहित अन्य जनपदों में निवेश के बड़े–बड़े प्रस्ताव आ रहे हैं।

मुख्यमंत्री जी आज जनपद गोरखपुर में गीडा औद्योगिक क्षेत्र के प्लास्टिक पार्क में 2,251 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लाभार्थियों को गीडा आवासीय योजना एवं औद्योगिक योजना के भूखण्डों के आवंटन पत्र वितरित किये। मुख्यमंत्री जी ने एस0एल0एम0जी0 समूह के अमृत बॉटलिंग प्लाण्ट का भूमि पूजन तथा प्लास्टिक पार्क में टेक्नो प्लास्ट पैकेजिंग प्रा0लि0 का लोकार्पण किया। इसके पूर्व, उन्होंने फैक्ट्री का निरीक्षण कर पैकेजिंग व संचालन व्यवस्था का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यहां स्थित प्लास्टिक पार्क में 120 करोड़ रुपये की लागत से नए उद्यम का लोकार्पण किया गया है। टेक्नोप्लास्ट पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड ने प्लास्टिक पैकेजिंग में निवेश किया है। इसमें कार्य करने वाले लोग गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, अयोध्या, जौनपुर आदि जनपदों से सम्बन्धित हैं। पहले प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट था। वह नौकरी और रोजगार के लिए देश और दुनिया में भटकते थे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में पर्यावरण अनुकूल निवेश किये जा रहे हैं। पर्यावरण की सुरक्षा और मानकों को ध्यान में रखकर गोरखपुर में सी0ई0टी0पी0 का निर्माण कराया जा रहा है। अब यहां के उद्योगों से निकलने वाला कचरा प्रदूषण का कारण नहीं बनेगा। औद्योगिक कचरे से आमी व राप्ती नदी प्रदूषित नहीं होगी। प्लास्टिक पार्क में 05 एकड़ क्षेत्रफल में केन्द्रीय पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान का स्किल डेवलपमेन्ट कार्यक्रम प्रारम्भ किया जा रहा है। यहां के युवा प्लास्टिक पार्क में डिप्लोमा और डिग्री का कोर्स कर स्थानीय रूप से नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। इन प्रशिक्षित युवाओं के लिए देश और दुनिया में रोजगार के अनेक अवसर होंगे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गीडा में सड़क, ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट, बिजली आदि विकास से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं के लिए 281 करोड़ रुपये लागत की परियोजनाओं के भूमि पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ है। इसके अतिरिक्त, अमृत बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 700 करोड़ रुपये की लागत से बॉटलिंग प्लाण्ट बनाया जाएगा, जिससे हजारों युवाओं को नौकरी प्राप्त होगी। प्लास्टिक पार्क में 120 करोड़ रुपये लागत की तीन इकाइयों का लोकार्पण किया जा रहा है। इन इकाइयों टेक्नोप्लास्ट पैकेजिंग

प्राइवेट लिमिटेड, ओमफ्लैक्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड एवं गजानन पॉलीप्लास्ट सम्मिलित हैं। गीडा में ए0पी0एल0 अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड, ग्रीनटेक भारत प्राइवेट लिमिटेड एवं कपिला कृषि उद्योग द्वारा 640 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। इसके माध्यम से 1,200 से अधिक युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज यहां कालेसर आवासीय योजना के अन्तर्गत आवास आवंटन का कार्य किया गया है। यहां 400 करोड़ रुपये की लागत से 110 एकड़ भूमि में आवासीय योजना विकसित की गयी है। यहां औद्योगिक भू–आवंटन का कार्य भी सम्पन्न हुआ है। अम्बुजा सीमेन्ट, केयान डिस्टलरी, अशोक रबड़ बोर्ड आदि उद्योगों को भूमि आवंटित की गयी है। इस भूमि आवंटन से गीडा को 5,903 करोड़ रुपये का नया निवेश प्राप्त होगा। इसके माध्यम से 10 हजार युवाओं को नौकरी उपलब्ध होगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गोरखपुर में स्किल डेवलपमेंट सेंटर तथा दिल्ली पब्लिक स्कूल बनने जा रहा है। गीडा में इस्पात के दो बड़े उद्योग, गैलेन्ट इस्पात व जलान ग्रुप स्थापित हो चुके हैं। केयान डिस्टलरी, वरुण वेबरेज, इण्डिया ऑटो व्हील, ए0पी0एल0 आपोलो ट्यूब, एस0डी0 इंटरनेशनल, ग्रीनटेक भारत प्रा0लि0, सी0पी0 मिल्क फूड प्रोडक्ट, रुंगटा इण्डस्ट्रीज, नोवामैक्स कूलर आदि उद्योगों ने गीडा में सफलतापूर्वक निवेश किया है। यहां मेडिकल डिवाइसेस, प्लाईवुड, फर्मास्यूटिकल आदि से सम्बन्धित निवेश प्राप्त होने जा रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सुरक्षा के वातावरण में निवेश प्राप्त होता है। निवेश से युवाओं को नौकरी और रोजगार की प्राप्ति होती है। नौकरी व रोजगार से खुशहाली व समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। सरकार की स्पष्ट नीति, साफ नीयत व सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के कारण प्रदेश में दुनिया का सबसे अच्छा निवेश आ रहा है। निवेश अनुकूल माहौल के कारण ही प्रदेश में 60 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने में सफलता प्राप्त हुई है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हाल ही में 60 हजार से अधिक पुलिस कार्मिकों की नियुक्ति की गयी है। इनमें गोरखपुर के अनेक युवा सम्मिलित हैं। सभी कार्मिक अभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यह कार्मिक प्रदेश में सुरक्षा का माहौल प्रदान करेंगे। विगत दिनों बाल विकास विभाग में 2,500 से अधिक मुख्य सेविकाओं की भर्ती सम्पन्न हुई है। पुलिस विभाग में सब इंसपेक्टर की नई भर्ती निकाली जा चुकी है। विकास कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति के चेहरे पर खुशहाली लाना तथा बेटियों व व्यापारियों को सुरक्षा की गारण्टी देना है। आज प्रदेश में विकास का सकारात्मक वातावरण है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गोरखपुर के जिस दक्षिणांचल में पहले लोग नहीं जाते थे, आज वहां फोरलेन कनेक्टिविटी की सुविधा प्राप्त हो रही है। धुरियापार में एक सीमेंट

फैक्ट्री लगने जा रही है। अब यही कोका–कोला बनेगा, गीडा में प्लास्टिक के सभी प्रकार के बर्तन व कपड़ा फ्लैटेड फैक्ट्री में बनेंगे। प्रदेश सरकार ने प्रत्येक जनपद में भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर 100 एकड़ में एक एम्प्लाइमेन्ट जोन बनाने का लक्ष्य तय किया है। इस एम्प्लाइमेन्ट जोन के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को स्किल्ड बनाकर उनकी रूचि के अनुरूप रोजगार प्रदान करने में सहायता की जाएगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा रोजगार उपलब्ध कराने व विकसित भारत निर्माण हेतु यह सारे कार्य किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार सभी को नये भारत का दर्शन कराकर विकसित भारत की ओर ले जा रही है। विकसित भारत का निर्माण तब होगा, जब उत्तर प्रदेश विकसित बनेगा। उत्तर प्रदेश तब विकसित होगा, जब गोरखपुर सहित राज्य के समस्त जनपद विकसित होंगे। आत्मनिर्भरता का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रत्येक गांव, नगर निकाय, तथा जनपद को विकसित बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विधान मण्डल में विगत 13 व 14 अगस्त को लगातार 24 घंटे का सत्र चलाया गया है। इसमें 24 घंटे केवल विकास पर ही चर्चा की गयी। विकसित उत्तर प्रदेश@2047 अभियान के प्रथम चरण में 300 से अधिक बुद्धिजीवी सेवानिवृत्त आई0ए0एस0, आई0पी0एस, शिक्षाविद, वैज्ञानिक आदि प्रदेश के प्रत्येक जनपद में जाकर प्रत्येक ग्राम व संस्थान में कार्यक्रम करेंगे। प्रदेश सरकार व केन्द्र सरकार के मंत्रियों के सहयोग से प्रत्येक जनपद में सम्मेलन होंगे। इस हेतु जनता से भी क्यू0आर0 कोड के माध्यम से सुझाव मांगे जायेंगे। आज गीडा में हुआ निवेश इसी संकल्प को आगे बढ़ाने का हिस्सा है।

कार्यक्रम को औद्योगिक विकास मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर सांसद श्री रवि किशन शुक्ला, गोरखपुर के महापौर डॉ0 मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक श्री प्रदीप शुक्ला, श्री विपिन सिंह, श्री महेन्द्र पाल सिंह, श्री राजेश त्रिपाठी, श्री श्रवण निषाद, विधान परिषद सदस्य डॉ0 धर्मेंद्र सिंह, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चारू चौधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

——————

***PN-CM-GIDA GKP Lokarpan & Shilanyas-04 September, 2025***